प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.02.2026 11:00 बजे

आपदा राहत

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों को किराए के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 8 करोड़ 97 लाख 90 हजार रुपये जारी किए हैं। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये राशि उन परिवारों को जारी की गई है, जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे, या रहने योग्य नहीं है। शहरी क्षेत्रों मे 10 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपये प्रति परिवार किराया सहायता के रूप में दिए जा रहे हैं। पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में 16 हजार 4 सौ 88 परिवार प्रभावित हुए। इनमें से 2 हजार 2 सौ 46 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए जबकि 7 हजार 8 सौ 88 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची।

राष्ट्रीय कृमि दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आज प्रदेश भर के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 साल तक के बच्चों को एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई दी जा रही है। इसका उद्‌देश्य बच्चों के पोषण व एनीमिया में सुधार करना है। शिमला जिला में इस दौरान 2 लाख 21 हजार 319 बच्चों को ये दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उधर किन्नौर जिला स्वास्थ्य विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी नेगी ने बताया कि एक से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन–ए की खुराक भी दी जा रही है।

रोस्टर

पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश में आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के आरक्षण के लिए 2011 की जनगणना को जबकि ओबीसी आरक्षण के लिए 1993–1994 के सर्वेक्षण को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रधान के आरक्षण के लिए विकास खंड को इकाई बनाया जाएगा।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग ढाल सुरक्षा और ड्रेनेज नीति पर पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जहां भी स्लोप प्रोटैक्शन व ड्रेनेज की आवश्यकता है उन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में विभाग की ये ड्रेनज नीति प्रदेश भर में प्रभावी रूप से लागू की जाएगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मंदिरों और तीर्थ स्थलों का अभूतपूर्व पुर्न विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार से देश की आध्यात्मिक आत्मा को एक नई ऊर्जा मिली है और ये परियोजनाएं धार्मिक भावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ–साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था व पर्यटन को भी प्रोत्साहित कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण व उसके आसपास सुविधाएं बढ़ाने के प्रति प्रदेश की कांग्रेस सरकार का रवैया उदासीन रहा है।

हिम बस कार्ड

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बस में महिलाओं सहित अन्य रियायती दरों पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए हिम बस कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की है। निगम की बसों में एक अप्रैल से ये बस पास लागू हो जाएंगे। निगम प्रबंधन के अनुसार जिन लोगों के पास हिम बस कार्ड होगा वही इन बसों में रियायती यात्रा सुविधा का लाभ ले सकेंगे। एचआरटीसी अब तक प्रदेश भर में लगभग एक लाख 40 हजार हिम बस पास बना चुका है।

स्की प्रशिक्षण

लाहौल स्पीति जिला के केलांग में माउंट नेरिंग एंड स्नो बार्ड ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्की प्रशिक्षण कल संपन्न हो गया। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत जिस्पा में 72 करोड़ रूपए की लागत से आइस हॉकी रिंक के निर्माण को राज्य स्तर से मंजूरी मिल चुकी है और शीघ्र ही केंद्र से भी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

विंटर लेक फेस्टिवल

चंबा जिला के सलूणी उपमंडल में स्थित तलेरू वोटिंग प्वाइंट में तीन दिवसीय विंटर लेक फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रर्दशर्नियां भी लगाई गई। यहां पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि ऐसे आयोजन मनोरंजन के साथ–साथ सांस्कृतिक अनुभव भी प्रदान करते हैं।